Daily Current Affairs 10 May 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 8 मई को मनाया गया गया विश्व थैलेसीमिया दिवस
• दुनिया भर में प्रतिवर्ष 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस की थीम है।
• इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक लक्ष्य थैलेसीमिया जैसे गंभीर आनुवंशिक विकार और इससे पीड़ित रोगियों के संघर्ष के संबंध में जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही यह दिवस पीड़ितों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित डाक्टरों और अन्य चिकित्सा कमियों तथा इस रोग के उन्मूलन की दिशा में कार्य कर रहे वैज्ञानिकों का भी सम्मान करता है।

2. 10 गीगावाट सौर क्षमता को पार करने वाला पहला राज्य बना राजस्थान
• मेरकॉम के इंडिया सोलर प्रोजेक्ट ट्रैकर के अनुसार राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया है, जिसमें 10 गीगावॉट के संचयी सौर प्रतिष्ठानों को पार किया है।
• राजस्थान में कुल स्थापित विद्युत क्षमता 32.5 गीगावाट है। राजस्थान की कुल स्थापित विद्युत क्षमता में नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान 55% है, जबकि तापीय उर्जा का 40 % तथा शेष 2%परमाणु ऊर्जा का योगदान है।

3. गाय के रूप में धाकड़ होगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 का शुभकरण
7 मई 2022 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 के प्रतीक चिन्ह गीत, जर्सी और शुभंकर लांच किया। हरियाणा 4 जून से 13 जून 2022 तक पंचकूला और अन्य शहरों मैं खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे संस्करण की मेजबानी करेगा।

4. हरियाणा सरकार ने शुरू की ई अधिगम योजना
• मई 2020 में हरियाणा सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी ई अधिगम योजना शुरू की है। इसके तहत दसवीं और बारहवीं कक्षा के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को करीब तीन लाख टेबलेट बांटे गए।

5. श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे ने दिया इस्तीफा
• 9 मई 2022 को गंभीर आर्थिक संकटों से दूसरे श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे ने इस्तीफा दे दिया है। लंबे समय से देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे जिसे लोग उनसे इस्तीफा की मांग कर रहे थे।
• श्रीलंका की अर्थव्यवस्था ध्वस्त होने के कारण राजपक्षे चौतरफा आलोचनाओं से घिरे थे। प्रदर्शनकारी महिंद्रा राजपक्षे के भाई और श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से भी अपने पद से इस्तीफा देने की मांग कर रहे हैं।

6. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पांचवी रिपोर्ट जारी, प्रजनन दर 2.2 से धटकर 2.0 हुआ
• 6 मई 2022 को राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवी दौरे के दूसरे चरण की राष्ट्रीय रिपोर्ट जारी की गई है। Nfhs-5 राष्ट्रीय रिपोर्ट Nfhs-4 से Nfhs-5 तक की प्रगति को सूचिबद्ध करती है।

7. चक्रवात असानी गंभीर चक्रवात तूफान में बदला
• भीषण चक्रवाती तूफान आसानी दक्षिणी बंगाल की खाड़ी के पश्चिमी मध्यवर्ती और आसपास के क्षेत्रों से पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर मुड़ गया। अखिलेश 40 घंटे में इसकी और कमजोर पड़ने तोता चक्रवाती तूफान में परिवर्तन हो जाने की आशंका है।

8. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का किया शुभारंभ
• 8 मई 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना का दूसरा चरण शुरू किया है।

Daily Current Affairs 10 May 2022

• मध्य प्रदेश सरकार की लाड़ली लक्ष्मी 2.0 योजना की मदद से 12वीं कक्षा की परीक्षा पास कर कॉलेज में एडमिशन लेने वाली बच्चियों को ₹25000 की रकम दो किस्त में अलग-अलग दी जाएगी जबकि मेडिकल आईआईएम आईआईटी या इस स्थिति के किसी संस्थान में एडमिशन लेने पर पूरी फीस राज्य सरकार भरेगी।

9. वर्ष 2021 में क्रिप्टो लाभ के मामले में भारत रहा 21वें स्थान पर
• हाल ही में क्रिप्टो एनालिटिक्स फर्म चैनालिसिस द्वारा जारी की गई आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर के निवेशकों ने वर्ष 2021 में डॉलर 162.7 बिलियन का कुल क्रिप्टो लाभ प्राप्त किया है, जबकि वर्ष 2020 में यह है 32.5 बिलियन डॉलर था। यह चैनालिसिस द्वारा लगातार दूसरा डाटा है।

10. ब्रिटेन में मंकीपॉक्स वायरस के मामले की पुष्टि संक्रमित व्यक्ति नाइजीरिया से आया
• हाल ही में ब्रिटेन में एक व्यक्ति में मंकीपॉक्स के दूसरे मामले की पुष्टि की गई है,जो चेचक के समान एक दुर्लभ वायरस संक्रमण है,इस व्यक्ति ने हाल ही में नाइजीरिया की यात्रा की थी ब्रिटेन में मेकिपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि 2018 में हुई थी।